## पाठ 9

# जब मामाजी घर आए



आज रक्षाबंधन है। कुंदन और वंदना ने नये कपड़े पहने हैं। बनारस से उसके मामा आनेवाले हैं। माँ, उनको राखी बाँधेगी।

मामाजी आए। सभी बच्चे मामाजी को घेरकर बैठ गए। माँ, बहुत खुश थीं, बोलीं– ''माँ और पिताजी कैसे हैं''?

मामाजी बोले–''माँ–पिताजी अभी बनारस में हैं और अच्छे हैं। फसल कटने के समय गाँव गए थे।''

तभी कुंदन बोल पड़ा–''पिछले वर्ष की गर्मी की छुट्टियों में जब मैं गाँव गया था तो बगीचे में बहुत सारे आम थे।''

मामाजी ने बताया–''इस बार आम नहीं के बराबर लगे थे। कुछ पेड़ आँधी में गिर भी गये''।

## शिक्षक की सहायता से पता लगाइए

9. शादी के समय मेघना और उसके दूल्हे की उम्र कितनी रही होगी?
   मेघना ———————— वर्ष        दुल्हा ———————— वर्ष
10. जब आपके माता पिता की शादी हुई होगी तब उनकी उम्र कितनी रही होगी?
   माँ ————————— वर्ष        पिता ————————— वर्ष
11. आपकी दादी और नानी की शादी किस उम्र में हुई होगी?
   दादी ———————— वर्ष        नानी ————————— वर्ष
12. कानूनन लड़का और लड़की की शादी की उम्र कितनी है?
   लड़का ————————वर्ष        लड़की ————————— वर्ष

मामाजी और पिताजी बात कर रहे थे तभी दादाजी आ गए । मामाजी ने उनका अभिवादन किया।

आशीर्वाद देते हुए दादाजी ने पूछा—बताइए, नौकरी कैसी चल रही है?

मामाजी ने बताया—मेरी बदली हैदराबाद हो गई है।


दादाजी आश्चर्य से बोल पड़े—इतनी दूर जाओगे।

मामाजी बोले—जाना तो होगा ही, ऊँचे पद पर जाने का मामला है।


मामाजी ने फिर बताया कि वे पहले नये शहर अकेले ही जाएँगे। मामी और नेहा बाद में जाएगी। नाना—नानीजी अपने गाँव से बहुत दूर नहीं जाना चाहते हैं। इसलिए वे गाँव में ही रहेंगे। नेहा थोड़ी उदास है, क्योंकि उसके सारे दोस्त बनारस में रह जाएँगे।

## जरा सोचिए और बताइए।

13. नेहा के घर में अब कौन—कौन लोग रह जाएँगे?
   ————————————————————————————————
   ————————————————————————————————
14. क्या नेहा के दोस्त बदल जाएँगे?
   ————————————————————————————————
15. क्या नेहा का स्कूल भी बदल जाएगा?
   ————————————————————————————————
16. आपके परिवार के सभी सदस्य बाहर जानेवाले सदस्यों के साथ रहने के लिए नहीं जाते हैं। इसके क्या—क्या कारण हो सकते हैं?
   ————————————————————————————————
   ————————————————————————————————
   ————————————————————————————————
   ————————————————————————————————




17. ऊपर कुंदन और वंदना के दादी एवं नानी के परिवार की छोटी सी वंशावली बनी है। आप भी अपने दादाजी के परिवार की वंशावली बनाइए।




इसी प्रकार आप कॉपी में अपने नानाजी के परिवार की वंशावली बनाइए। इस वंशावली में नानाजी, उनके संतानों और आप अपने भाई–बहनों के नाम को लिखिए।

18. आपके परिवार में कौन–कौन रहते हैं?

______________________________________________________

19. आपके दादा–दादी और नाना–नानी कहाँ रहते हैं?

______________________________________________________`

20.आप अपने शिक्षक/गाँव के लोगों से पूछकर पता लगाइए कि लोग एक–जगह से दूसरी जगह (स्थान–परिवर्तन) क्यों चले जाते हैं? उन कारणों को लिखिए।

_____________ _____________ _____________

_____________ _____________ _____________

_____________ _____________ _____________

21. अपने पास–पड़ोस और दोस्त के परिवार से बात कीजिए और निम्न तालिका को भरिए

| क्र.सं. | प्रश्न | आपका अपना परिवार | दोस्त का परिवार | पास–पड़ोस का एक परिवार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभी परिवार में कितने लोग हैं? | | | |
| 2. | परिवार में दस साल पहले कितने लोग थे? | | | |
| 3. | परिवार में दस सालों में जो बदलाव हुए हैं, उनके क्या कारण है? | | | |
| 4. | इन बदलावों से कैसा लगता है? | | | |

मामाजी सभी के लिए कुछ–न–कुछ उपहार लाए थे। कुंदन के लिए नई पैंट शर्ट और वंदना के लिए फ्रॉक तो माँ के लिए सुन्दर सी साड़ी। माँ ने भी नेहा के लिए पडुकियो और ठेकुआ दिया। मामाजी ने बड़ों को प्रणाम किया और लौट गए।